| पंचायत आम निर्वाचन, 2026 |
|---|
| अतिमहत्वपूर्ण |


राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR


संख्या– प.नि. 30–13 / 2026...2274

प्रेषक,

शम्भु कुमार
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी, बिहार।

पटना दिनांक– 30.5.2026

विषय :– **पंचायत आम निर्वाचन, 2026–गठित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का आरक्षण निर्धारण हेतु वर्ष 2006 में आवंटित आरक्षण श्रेणी को आयोग के पोर्टल पर प्रविष्टि किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंग:–** **आयोग का पत्रांक–1890 दिनांक–07.05.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संबंध में कहना है कि पंचायत आम निर्वाचन, 2026 संपन्न कराये जाने हेतु त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी के सभी पदों पर निर्धारित आरक्षण की जाँच सॉफ्टवेयर के माध्यम से किये जाने हेतु वर्ष 2006 एवं वर्ष 2016 में आवंटित आरक्षण श्रेणी को आयोग के पोर्टल पर प्रविष्टि किये जाने की आवश्यकता है।

ज्ञातव्य हो कि कुछ जिलों से अभी भी सूचना पत्र प्राप्त हो रहे हैं कि वर्ष 2006 के आरक्षण प्रपत्र–3 उपलब्ध नहीं है जिसे आयोग द्वारा उपलब्ध कराया भी गया है। इस संबंध में जिला स्तर पर वरीय पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवण किये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। सामान्यत गजट का प्रकाशन सामान्य शाखा द्वारा किया जाता है वैसे में सामान्य शाखा, अभिलेखागार एवं जिला पंचायत कार्यालय में लाल कपड़ा में रखे गये बंडल को एक–एक कर खोलकर जाँच करने की जरूरत है। संभव है कि इसी बंडल में आरक्षण संबंधित कागजात रखा मिल जाये जैसा कि बहुत जिला द्वारा खोज कर इन्ट्री कार्य पूर्ण किया गया है।

विदित हो कि पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के क्रम में वर्ष 2016 में आवंटित आरक्षण श्रेणी की प्रविष्टि सभी जिलों द्वारा तत्समय आयोग के पोर्टल पर किया जा चुका है। उक्त क्रम में वर्ष 2006 में सभी पदों पर आवंटित आरक्षण श्रेणी की प्रविष्टि आयोग के पोर्टल पर किये जाने हेतु दिनांक–30.05.2026 की तिथि निर्धारित की गयी थी, परन्तु कतिपय जिलान्तर्गत प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा असंतोष प्रकट किया गया है।


Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com




E:\dhiru\Priti\LetterP.docx

अतः अनुरोध है कि वर्ष 2006 में त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी के सभी पदों पर आवंटित आरक्षण श्रेणी को आयोग के पोर्टल पर प्रविष्टि हेतु अवधि विस्तार करते हुए दिनांक–09.06.2026 तक की तिथि निर्धारित की जाती है।

अनुमोदक- यथोक्त

विश्वासभाजन

30/5/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

ज्ञापांक– प.नि. 30–13/2026.....2274 दिनांक– 30.5.2026

प्रतिलिपिः– श्री राहुल गुप्ता, एस.ई.आर. टीम, श्री आशीष गंगाडे, PMC VIGREOUS & Team एवं श्री नीतिश कुमार, आई.टी. मैनेजर, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

ज्ञापांक– प.नि. 30–13/2026.....2274 दिनांक– 30.5.26

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

ज्ञापांक– प.नि. 30–13/2026.....2274 दिनांक– 30.5.2026

प्रतिलिपिः– सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/5/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।